Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 23-06-2022 अंक 264
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद को बीडीओ ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

### धनवार पंचायत के उपमुखिया बने दामोदर प्रसाद वर्मा





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड के धनवार पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एवं वार्ड सदस्यों को गुरुवार को पंचायत भवन में बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। जिसमें धनवार पंचायत के सैकड़ो लोग इस ऐतिहासिक लम्हे का गवाह बने। निर्वाची पदा. धिकारी सह बीडीओ सी. आर. इंदवार ने सबसे पहले धनवार पंचायत में सभी वार्ड सदस्यों की मौजूदगी में उप मुखिया पद के लिए नोटिफिकेशन जारी किया, जहां दो उम्मीदवार दामोदर प्रसाद वर्मा एवं मालती कुशवाहा ने उपमुखिया पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। ततपश्चात 11 वार्ड सदस्यों ने वोटिंग में हिस्सा लिया। जिसमें दोनो प्रत्याशियों को पांच पांच मत आया और एक मत रद्द पाया गया। जिसके बाद मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दामोदर प्रसाद वर्मा को मेत देकर उपमुखिया बनाया। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ सी.आर. इंदवार ने विजेता उपमुखिया को जीत का प्रमाण–पत्र सौंपा। जीत से उत्साहित उपमुखिया के समर्थकों ने नवनिर्वाचित मुखिया एवं उपमुखिया को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उपस्थित सभी लोगों ने मुखिया एवं उप मुखिया को जीत की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर ममता देवी, सोनू कुमारी, अनन्या कुशवाहा, पंसस संतोषी देवी, बीएचओ मुकेश कुमार, प्रशांत कुमार, गुडिया देवी, रूपमणी देवी, बसंती देवी, मालती कुशवाहा, लक्ष्मी कुमारी, हसमत अली, मोम्हद मंजूर आलम, रुबीना खातून, बालेश्वर प्रसाद, मंटू यादव, अजय कुशवाहा, उमेश यादव, राजेश राणा, सुरेश प्रजा. पति, प्रकाश साव, उपेन्द्र प्रसाद, रामजी प्रसाद, अजीत प्रसार, महेन्द्र प्रसार, जगदीश महतो, रामदेव सिंह, जय कुमार, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, सराज मिया, केशो यादव, तिलक यादव, रवि कुमार, उमेश यादव, वकील महतो, दिवाकर प्रसाद, ऋतिक कुमार भवानी कुमार, मनोज केशरी, अरविन्द कुमार, रंधीर कुमार, शंभू महतो, मनोज कुमार, बिनु कुमार, महेन्द्र कुमार, राजकुमार प्रसाद सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## देश की एकता, अखण्डता एवं संप्रभुता के रक्षक थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी : रमेश ठाकुर

### भाजपाइयों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाई डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि मनाया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष नागेश्वर रजक व संचालन भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनोज साहू एवं महिला मोर्चा के अध्यक्ष संगीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाउपाध्यक्ष रमेश ठाकुर उपस्थित हुए। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि रमेश ठाकुर ने कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश एकता, अखण्डता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिए। उन्होंने जीवन पर्यंत देश की एकता एवं अखण्डता के लिए कश्मीर के आंदोलन करते रहे। आज धारा 370 हटने के बाद कश्मीर भारत के गोद मे समा गया। उन्होंने कश्मीर को भारत से अलग करने का विरोध भी किया। जिस कारण 11 मई 1953 को स्व मुखर्जी को गिरफ्तार कर लिया गया और 23 जून 1953 को उनकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मौके पर भा. जपा युवा नेता रितेश गुप्ता, नवल किशोर सिंह, बिपिन सिन्हा, मनोज उपाध्याय,संदीप निषाद, सचिन यादव, कैलाश साहू, रामसहाय यादव, संजीव कुमार, कृष्णा कुमार सोनी, ज्योतिष यादव, देवधारी यादव, सरयू यादव, कैलाश कुमार एवं दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## मुखिया मंगलदेव यादव ने बच्चो के बीच किया पठन पाठन सामग्री का वितरण

### शिक्षा के बिना यह जीवन बिल्कुल अधूरा : मंगलदेव यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत में संचालित हाई स्कूल में मुखिया मंगलदेव यादव ने बच्चो के बीच बैग, कॉपी, कलम और पेंसिल सहित अन्य पठन पाठन सामग्री का वितरण किया। साथ ही उन्होंने कहा की शिक्षा के बिना यह जीवन बिल. कुल ही अधूरा है। शिक्षा वह साधन है, जो व्यक्ति को सफल और महान दोनो बनाता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की शिक्षा हमे विभिन्न प्रकार का ज्ञान और कौशल प्रदान करती है। यह सीखने की निरंतर, धीमी और सुरक्षित प्रक्रिया है, जो हमे ज्ञान प्राप्त करने में मदद करती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और हमारे जीवन के साथ खत्म होती है। मौके पर अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर, विद्यालय के शिक्षक बीरेंद्र कुमार, केदार यादव, सुभाष यादव, सुरेश दास, सुभाष पासवन, एवं सुजीता देवी मुख्य रूप से मौजूद थी




## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में लहराया अपना परचम

### संजीदा नाज 443 अंक लाकर बनी स्कूल टॉपर

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



संजीदा नाज



मो0 हसनैन

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत में शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शत–प्रतिशत सफलता प्राप्त किया। इस विद्यालय से कुल 20 छात्र छात्राओं ने दसवीं बोर्ड का परीक्षा दिया था जिसमें 15 छात्र छात्राएं 80 फीसदी से अधिक अंक लाकर उतीर्ण हुए। शेष 5 छात्र–छात्राएं 70 प्रतिशत अंक के साथ उतीर्ण हुए। संजीदा नाज़ 443 अंक प्राप्त कर स्कूल ट०पर बनी । वही दूसरे स्थान पर मोहम्मद हसनैन 441अंको के साथ एवं तीसरा स्थान प्रिया कुमारी ने 437 अंको के साथ प्राप्त की। विद्यालय के निदेशक टुकलाल साहू ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय से संबंधित पोषक क्षेत्र के अभिभावकों से विनम्र निवेदन किया कि यह विद्यालय प्रारंभ से ही दसवीं बोर्ड मे शत प्रतिशत परिणाम दे रही है और प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा पठन–पाठन कराया जा रहा है।विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने सभी विद्यालय परिवार की ओर से सफल सभी छात्र छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय ग्रामीण इलाकों में शिक्षा का अलख विगत 7 सालों से जगा रही है और प्रत्येक वर्ष यहां के छात्र छात्राएं अच्छे प्रतिशत से पास होकर आगे की पढ़ाई जारी रख रहे हैं यहां पढ़ाई किए हुए बहुत सारे छात्र छात्राएं आज इंजीनियरिंग और प०लिटेक्निक के क्षेत्र में अपना जौहर दिखा रहे हैं। विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद ने अभिभावकों को यह निर्देश दिया है कि वह विश्वास करके अपने बच्चों को गांव के विद्यालय में ही दसवीं कक्षा तक करवाएं ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। सफल छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देने वालों में से विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में विभा शर्मा डिंपल कुमारी, कोमल कुमारी, सविता कुमारी, सविता कुमारी, शीला कुमारी, कविता कुमारी, नरेश कुमार, अजय कुमार, प्रियंका कुमारी, कल्पना कुमारी, वाहन चालक रंजीत कुमार शामिल हैं।

## जीप प्रतिनिधि ने एमडीएम प्रतिपूर्ति भत्ता का वितरण

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड के ग्राम बेल. कपी बंडासिंघा राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय बंडासिंगा व नव प्राथमिक विधालय जलहेया में जिला परिषद प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय एवं पंचायत–बेल. कप्पी उपमुखिया छत्रु ठाकुर कि गरिमामयी उपस्थिती में एवं वार्ड सदस्यों एवं प्रबुद्धजनों के द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों के बीच एमडीएम प्रतिभूति राशि का वितरण किया गया।भत्ता वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक विजय महतो, प्रधानाध्यापक शुकर ठाकुर, भगीरथ ठाकुर, भा. जपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,अर्जुन राणा संजय साव, सुरेश कुमार पाण्डेय, वार्ड सदस्य नरेश ठाकुर, वार्ड सदस्य अनिता देवी,वार्ड सदस्य छोटी साव, मुकेश मंडल, विधालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, शिक्षक बालमुकुन्द पाण्डेय, अशोक राणा, प्रकाश साव, महेश साव, अनिल राणा, मुन्नी देवी, दिलीप पाण्डेय, संतोष योगी, रिंकू माली, सुरेन्द्र गोस्वामी, राजू मंडल समेत बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं के अलावे शिक्षकगण व समा. जसेवी उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## केसीसी मेगा कैंप शिविर का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा–प्रखंड मुख्यालय में पीएम किसान योजना के लाभुकों को शत प्रतिशत केसीसी वितरण हेतु मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ जिप सदस्य सविता सिंह, प्रमुख नीतू देवी, अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, मुखिया आलोक सिंह, कुमार अंशु, सुखदेव यादव, उर्मिला देवी बैंक अ०फ इंडिया शाखा प्रबंधक ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्व. लित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों को केसीसी उपलब्ध कराना जिससे किसान अच्छी फसल लगा सके जिससे किसानों को अच्छी आमदनी हो इन सभी बातों पर चर्चा किया गया। वही शाखा प्रबंधक ने किसानों को बताया कि केसीसी लोन किसानों के लिए एक अच्छी योजना है। लेकिन किसानों के द्वारा सुचारू रूप से चलाया जाए तो। मौके पर कृषि पदाधिकारी शैलेश रंजन एटीएम राजेश कुमार, कैलाश प्रजापति ,गणेश प्रजापति प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी मुखिया प्रतिनिधि अनुज रवि ,विक्रमादित्य सिंह ,रामदेव यादव ,भुनेश्वर स्वर्णकार, दाऊद अली ,उमेश साव, इंद्रदेव चौधरी ,भूदेव चौधरी शंकर पांडे,रूपेश कुमार एवं काफी संख्या में लोग उप. स्थित थे।

## घायलों से मिले भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कोडरमा प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम लरियाडीह के नारायण ठाकुर एवं आंगनबाड़ी से. विका सरोज देवी दोनों से मुलाकात कर उन्हें जल्द स्वस्थ होने की कामना किया। ज्ञात हो कि आंग. नबाड़ी सेविका सरोज देवी अपने ही गांव में एक यज्ञ में नगर भ्रमण के दौरान गिर गई थी। जिससे उनका पैर एवं हाथ टूट गया था। वहीं नारायण ठाकुर चतुरडीह मौजा में भद्रकाली मंदिर में सुबह पूजा करने के दौरान पानी निकालते समय कुएं में गिर गए थे। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों गंभीर रूप से चोटिल व्यक्ति से भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने उनके घर पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को ढांढस देते हुए कहा कि हम आपके दुख सुख के साथ खड़ा हैं और खड़ा रहूंगा। आप दोनों व्यक्ति बहुत जल्द स्वस्थ हो जाएं और जिस तरह से अपने आंग. नबाडी कार्य क्षेत्र में नन्हे मुन्ने प्यारे बच्चों को सेवा करते थे उसी तरह से पुनः करते रहेंगे। साथ ही साथ नारायण ठाकुर भी जल्द स्वस्थ होकर अपने कार्य में लगेंगे।

## द एजुकेशनल वर्ल्ड के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में फिर लहराया परचम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





मंगलवार को जारी हुए मैट्रिक परिणाम में फिर एक चंदवारा में अवस्थित कोचिंग द एडुकेशनल वर्ल्ड के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कोचिंग संस्थान से अमित पासवान ने सर्वाधिक 95.40ः अंक प्राप्त कर RMMM+2 हाई स्कूल व प्रखंड टॉपर बना । साथ ही कोचिंग के अन्य छात्रों में सत्यम(94.20%) सुमन(93.80%) ,काजल(90. 40%),सौरव,(91%)मिलन(92.20ः),करिश्मा(92.40ः) ,सूरज(91ः)ओर निशा( 89. 20ः) ने बेहतर प्रदर्शन कर कोचिंग को पुनः गौरवान्वित होने का अवसर दिया। बच्चों के प्रदर्शन से खुश दिखे कोचिंग संस्थान के निदेशक सोनू वर्मा व मुकेश कुमार ने बताया की कोचिंग संस्थान से लगभग बच्चों का अंक 75ः से अधिक रहा जो हमे गौरवा. न्वित करती है। विगत 7 वर्षो से चंदवारा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार कर रहे है इस बीच कोचिंग का कार्यकाल काफी सुखद रहा।कोचिंग में अनुभवी व योग्य शिक्षको द्वारा बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही एकमात्र हमारा उद्देश्य है। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों का सर्वांगिण विकास हेतु आप अपने बच्चों का नामांकन निःशुल्क हमारे शिक्षण संस्थान में करा सकते है। क्षेत्र के अध्ययनरत छात्रों से भी अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आप अपने सुनहरे भविष्य की परिकल. पना हमारे शिक्षण संस्थान की सहायता से परिपूर्ण कर सकते है।

## भाजपा ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का शहादत दिवस

**अपेम लाइव कोडरमा**
**धीरज कुमार**



भारतीय जनता पार्टी प्रखंड कोडरमा इकाई द्वारा कोड. रमा प्रखंड के पथलडीहा पंचायत के दुर्गा मंडप के समीप ड० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने किया। जबकि संचालन विजय यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री बैजनाथ यादव, पूर्व उपप्रमुख विजय कुमार सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी कांग्रेस के तत्क. ालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जो तुष्टीकरण की नीति अपनाया इससे देश की एकता और अखंडता खतरे में था। इससे प्रभावित होकर मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की। तत्पश्चात 23 जून 1953 में जम्मू कश्मीर के कारावास में उनकी संदेहास्पद तरीके से हत्या कर दी गई। जो आज भी जांच का विषय बना हुआ है। इस बलिदानी को हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बेकार नहीं जाने देंगे। आज देश में विपक्ष के द्वारा उसी तरह की तुष्टीकरण के तहत देश की एकता और अखंडता को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे हम सभी को बचने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैजनाथ यादव ने कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो सपना को संजोए थे की एक राष्ट्र में दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा। इसको लेकर उन्हा. ने अपने प्राणों की आहुति दी। जिसको आदरणीय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 को समाप्त कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रखंड मंत्री काशी पंडित, महेंद्र यादव, प्रकाश पांडेय, महादेव दास, विक्रम सिंह, मनीष यादव, अजय सिंह, शंकर दास, संजीत सिंह, रवि कुमार सिंह, संजय दास, सनी राणा, राजेश यादव, द्वारिक साव, अभिमन्यु कुमार, किशोर सिंह, भोला पासवान, उमेश पासवान, मोहित कुमार, मिथिलेश कुमार, विरेंद्र कुमार यादव, दीपू कुमार यादव, धनेश्वर साव, संदीप कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नई पेंशन योजना शेयर बाजार पर आधारित है, पुरानी पेंशन ही लागू करे सरकार : किशोरी महतो

### पेंशन विहीन शिक्षकों की बैठक, जयघोष महाधिवेशन को सफल बनाने का संकल्प

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बैठक में शामिल पेंशन विहीन शिक्षक गण

संकुल संसाधन केन्द्र तिलैया में एनएमओपीएस बरही के बैनर तले तिलैया संकुल के पेंशन विहीन शिक्षकों की एक बैठक शिक्षिका कुमारी निर्मला की अध्यक्षता में हुई। बतौर मुख्य अतिथि जिला सह संयोजक किशोरी महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सह संयोजक किशोरी महतो ने जानकारी दी कि 2004 के बाद तत्कालीन केन्द्र सरकार के द्वारा पुरानी पेंशन योजना को समाप्त करके नई पेंशन योजना लागू की। नई पेंशन योजना पूर्ण रूप से शेयर बाजार पर आधारित है जो सरकारी सेवकों के लिए किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। सरकारी कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन ही है, जिसे छीनने का काम किया गया है। पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए लगातार आंदोलन किया जा रहा है। वर्तमान झारखंड सरकार भी अपने घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन लागू करने का वादा कर चुकी है। परंतु 3 साल होने के बाद भी पुरानी पेंशन योजना लागू नहीं हो पाई है। इसलिए पेंशन विहीन कर्मचारियों के द्वारा जय घोष महाधिवेशन का आयोजन 26 जून को मा. ेरहाबादी के फुटबॉल स्टेडियम में किया जा रहा है। बरही प्रखंड से भी 100 से अधिक की संख्या मे सरकारी कर्मचारी 26 जून को रांची जाएंगे। मौके पर सभी शिक्षकों ने जयघोष महाधिवेशन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का समर्थन अजप्ता तथा पारा शिक्षक संघ भी कर रहा है। इस बैठक में जिला सह संयोजक किशोरी महतो के अलावे कुमारी निर्मला, विकास कुमार पासवान, बालेश्वर पंडित, गणेश पाण्डेय, कलीमुद्दीन, रंजीत कुमार, सुभाष यादव, रीना कुमारी, सरिता कुमारी, प्रदीप यादव, प्रकाश कुमार, कृष्णा कुमार, सुरेश दास, मो. हम्मद हदीश, संजीव पांडे, द्वारिका प्रसाद चौधरी आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड मुख्यालय में मेगा कृषि शिविर का आयोजन

### केसीसी ऋण लेने में किसानों को परेशान ना करें – डीडीसी

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में कृषि विभाग द्वारा मेगा केसीसी वितरण कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव शाह ने किया। कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, प्रखंड प्रमुख मंजू देवी व उप प्रमुख खुशबू कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। कैम्प में 980 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि 15 किसानो के बीच 6 लाख की परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। इस दौरान डीडीसी लोकेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान योजना के लाभुकों सहित राज्य के सभी बिरसा किसानों को शत प्रतिशत केसीसी से आच्छादित करने का का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि किसानों को 1ः ब्याज दर पर भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा ऋण उपलब्ध करा रही है। ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ मिल सके। जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह द्वारा किसानों को केसीसी के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि अगर केसीसी लेने वाले किसान समय पर लेनदेन करते हैं तो उन्हें बहुत ही लाभ मिलेगा उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं जिसका प्रचार प्रसार करना आवश्यक है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि केसीसी योजना के लाभ लेकर किसान आर्थिक रूप से सबल बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान आर्थिक परेशानियों के कारण कृषि कार्य नहीं कर पाते हैं जिसकी वजह से क्षेत्र में गरीबी बढ़ रही है। मौके पर अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी निर्मला एक्का, प्रखंड तकनीकी प्रबन्धक फरजाना प्रवीण, उप परियोजना निदेशक प्रमोद कुमार, वीएलएम राजा राम नि. राला, पंचायत सचिव राकेश कुमार सिन्हा समेत भारतीय स्टेट बैंक तथा बैंक ऑफ इंडिया चंदवारा शाखा के कई कर्मी मौजूद थे।

## मारपीट में महिला घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

घरेलू विवाद में हुई मारपीट में फरीदा खातून पति नौसाद अंसारी सेवाल कर्मा निवासी घायल हो गई। उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार कर उन्हें हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## जमुआ प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया केसीसी मेगा कैंप

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




झारखंड सरकार के निर्देशानुसार गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी प्रखंडो में केसीसी मेगा कैंप लगाया जा रहा है और लाभुक किसानो को केसीसी से आच्छादित किया जा रहा है। आज गिरिडीह कृषि विभाग द्वारा जमुआ प्रखण्ड सभागार में के सी सी मेगा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों को के सी सी प्रमाण पत्र वितरित किया गया। केसीसी मेगा कैंप में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा मंचासिन थीं। केसीसी मेगा कैंप कार्यक्रम को संबो. धित करती हुई जिला परिषद सदस्या कुमारी प्रभा वर्मा ने कहा स्वरोजगार के माध्यम से लोगों को स्वावलंबी बनाया जा सकता है।लाभुकों से अपील करते हुई उन्होंने केसीसी लाभुकों से मुखातिब होते हुए कहा की बैंक द्वारा प्रदत्त केसीसी ऋण को सहयोग समझें और बैंक द्वारा प्रदत्त राशि को कृषि उत्पादन में निवेश कर अपने पारिवारिक जीवन शैली में सुधार एवं आर्थिकोपार्जन का माध्यम समझें। निश्चित समयावधि में ऋण का चुकता कर अपनी साख को बैंक के साथ मजबूत करें।जिस उद्देश्य को लेकर ऋण प्राप्त कर रहे हैं उसे उसी क्षेत्र में लगाकर अपने अपने कार्य कुशलता का परिचय देने की आवश्यकता है।एक अन्य प्रश्न के जबाव में उन्होंने कहीं कि जिला परिषद अध्यक्ष चुनाव में सभी निष्ठावान सदस्यों ने अपने-अपने सुझ बुझ एवं काफी दुरदर्शिता के साथ बगैर लोभ लालच के एक सुयोग्य , अनुभवी एवं गिरिडीह में सर्व सुलभ रहने वाली श्रीमती मुनिया देवी जी को जिला परिषद अध्यक्ष बनाया। इस तरह से चुनाव में धनबल पर जनबल की जीत हुई। मेरी ओर से जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनो को जीत दर्ज करने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देती हूं और आशा और उम्मीद करती हूं कि दोनो ही विजय हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सभी 46जिला परिषद् सदस्यों के साथ मिलकर सामंजस्य स्थापित कर गिरिडीह जिला का सर्वांगीण विकास करेंगे।

## बेरहाबाद पंचायत सचिवालय में जमुआ सीओ द्वारिका बैठा ने मुखिया, उप मुखिया को दिलाई शपथ





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड के बेरहबाद पंचायत सचिवालय में जमुआ सीओ द्वारिका बैठा ने बेरहाबाद पंचायत की नवनिर्वाचित मुखिया सोनी देवी सहित बारह वार्ड सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद उपमुखिया का चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई जिसमे एमडी इकबाल और सुनील यादव ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मतदान हुई और एमडी इकबाल को आठ मत मिले और सुनील यादव को तीन मत, एक मत रद्द हो गया। इस प्रकार पांच मतों से उपमुखिया पद पर एमडी इकबाल ने जीत दर्ज किया। पुनः जमुआ सीओ ने उसे पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई और जीत का प्रमाण पत्र दिया। आज के इस शपथ ग्रहण समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, जमुआ प्रमुख प्रतिनिधि लाटी यादव उर्फ संजीत यादव, जमुआ जनसेवक रेणु यादव, जमुआ अंचल निरीक्षक लोकेश सिंह, आजसू के जमुआ प्रखंड अध्यक्ष गौतम सागर राणा, समाजसेवी मृगांक कुमार उर्फ कोलेश्वर वर्मा, मनोज वर्मा, कुशवाहा संघ गिरिडीह के महामंत्री ओमप्रकाश महतो, हजरत अंसारी, मुस्तकिम अंसारी, रविन्द्र राणा, राजेन्द्र बर्नवाल, बबलू राणा, जमुआ थाना पुलिस सहित सैकडों लोग मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात पंचायत सचिवालय परिसर में पौधा रोपण कार्य मुखिया, उपमुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष, सीओ, वार्ड सदस्य राजेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी को बुके देकर मुखिया, उपमुखिया ने सम्मानित किया।

## विधायक एवं जिप सदस्य ने बनासो में किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



ट्रांसफार्मर का उद्घाटन के पश्चात विधायक तथा जिप सदस्य

प्रखंड के बनासो स्थित पंचायत सचिवालय के पास गुरुवार को मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ट्रांसफ०र्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बनासो के इस टोले में विगत कई दिनों से ट्रांसफार्मर खबर था। जिसके कारण स्थानीय लोगों को गरमी में भारी परेशानी हो रही थी। ग्रामीण लाभुकों द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद बिजली विभाग से आग्रह कर टोले में तुरंत नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद लोगों में खुशी का माहौल दिखा। लोगों ने त्वरित पहल के लिए विधायक तथा जिप सदस्य का आभार जताया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में प्रखंडस्तरीय मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन

### 60 किसानों के बीच 43 लाख ऋण स्वीकृत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ शिविर में ;ण की स्वीकृति पत्र प्रदान करते विधायक जेपी पटेल

विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में गुरुवार को कृषि, पशुपालन तथा सहकारिता विभाग द्वारा प्रखंडस्तरीय मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। विधायक ने मेगा ऋण शिविर का दीप जलाकर उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि विष्णुगढ़ प्रखंड कृषि प्रधान क्षेत्र है। झारखंड सरकार कृ षि के विकास एवं आधु. निकरण हेतु प्रत्येक प्रखंड में केसीसी मेगा कैम्प का आयोजन कर रही है। कम समय में किसान क्रेडिट कार्ड का तत्काल स्वीकृति कराकर लाभुकों देना अच्छा प्रयास है। इस कार्य में हमारे नवनिर्वाचित जनप्रति. निधियों की भी अहम भूमिका है। कहा कि जरूरतमंद गरीब किसान इस योजना का लाभ लेकर अपने आप को आत्मनिर्भर बनाएं। यदि कोई कठिनाई होती है तो बेहिचक बताएं, मैं तुरंत इस पर संज्ञान लूंगा। शिविर में विधायक ने 60 किसानों के बीच 43,17,600 रुपए का केसीसी, 11 वृद्धापेंशन तथा 11 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया। इसके उपरांत विधायक ने नवनिर्वाचित प्रमुख जैबुन निशा तथा उपप्रमुख सरयू साव को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से प्रखंड के सभी वर्गो को साथ लेकर विकास के पथ पर चलने की बात कही। मौके पर सभागार पश्चिमी जिप सदस्य दीपिका कुमारी, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष केबी मंडल, चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, जीपीएस रामचन्द्र दांगी, जयप्रकाश सिंह पटेल, गुरु प्रसाद साव, प्यारी राम, हीरामन महतो, जीवन सोनी, कौलेश्वर यादव, सुरेश मंडल, खूबलाल भारती, नीतीश कुमार बर्णवाल, किशोर यादव समेत कई ग्रामीण एवं किसान मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ पहुंचने पर राज्यसभा सांसद खीरु महतो का अभिनंदन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



राज्यसभा सांसद खीरु महतो का अभिनंदन करते जदयू कार्यकर्ता

राज्यसभा सांसद सह जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो गुरुवार को विष्णुगढ़ पहुंचे। विष्णुगढ़ पहुंचने पर जदयू कार्यकर्ताओं ने रमुवां स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। वे प्रखंड के करगालो में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि उनके राज्यसभा सांसद बनने के बाद झारखंड में पार्टी मजबूत हुई है। पुराने कार्यकर्ताओं में भी पार्टी के प्रति नए उत्साह एवं उमंग का संचार हुआ है। कहा कि सांसद बनने के बाद अभी झारखंड के कई जिलों का भ्रमण कर पार्टी संगठन को सक्रिय करने का अभियान चल रहा है। नए लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। कहा कि वे हजारीबाग की माटी में पले बढ़े हैं। स्थानीय समस्याओं को भी दूर करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर चमन स्वर्णकार, प्रदीप महतो, पवन प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार, मीना देवी, अनिल सिंह, मिथिलेश सिंह समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जामिया इस्लामिया दारुल फलाह लील बनात में कंप्यूटर सेंटर का हुआ शुभारंभ

### पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी समेत कई जनप्रतिनिधि हुए उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत में संचालित मदरसा जामिया इस्लामिया दारुल फलाह लील बनात मे गुरुवार को कंप्यूटर सेंटर का उद्धघाटन पुर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी के हाथों सम्पन हुआ। मदरसा के संचालक मुफ्ती गुलाम रसुल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह समाज के जरूरतमंद और गरीब लोगों के उत्थान के लिए बहुत समय से कार्य कर रहे है। पुर्व विधायक निजामुद्दीन ने कहा कि उनका यह सपना है की उनके विधान सभा क्षेत्र के सभी जरूरतमंत और गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करने वाले बच्चें यहां से उच्च कंप्यूटर प्रशिक्षण ले कर अच्छी नौकरी प्राप्त करें और अपने माता पिता का सपना साकार करें। उन्होंने कहा जब मैं विधायक था उस समय क्षेत्र के सभी मदरसों में सोलर लाइट का इंतजाम करवाया था, अभी हम लोगों की सरकार है इस मदरसे के विकास एवं तरक्की के लिए कल्याण मंत्री से बातचीत करेंगे और फंड मुहैया कराएंगे। उक्त मौके पर जिला परिषद भाग संख्या 46 के जिला परिषद प्रतिनिधि सह समाजसेवी मुफ्ती मोहम्मद सईद आलम ने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं ज्ञान प्राप्त करने का अधिकार सबका है, मदरसे में कुरान व हदीस की तालीम दी जाती है। साथ-साथ सिलाई, बुनाई, कशीदाकारी का पूरा नज्म है। आज कंप्यूटर सेंटर का मदरसे में उद्घाटन किया गया यह बहुत ही खुशी की बात है, इसके लिए हर संभव मदद देने के लिए हम तैयार हैं। बताते चलें कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी अतिथियों को श०ल एवं माला पहनाकर मुफ्ती गुलाम रसूल द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सिराजुद्दीन अंसारी, जीप सदस्य प्रतिनिधि इमरान अंसारी, मनोज दांडिया, कैलाश सिंह, गावां बिससूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, मौलाना इलियास, सदर अब्दुल कय्युम, पंचायत समिति सदस्य अफजल अंसारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बिरनी : प्रखंड स्तरीय केसीसी वितरण मेगा केम्प का किया आयोजन

### बैंक मनीजर की बिना उपस्थि में केसीसी का किया वितरण





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय किसान क्रेडिट कार्ड वितरण मेगा केम्प का किया आयोजन। बीडीओ सुनील वर्मा बिरनी प्रमुख रामु बैठा बिरनी उपप्रमुख शेखर शरण दास जिला कृषि पदाधिकारी वा मुखिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ। वही जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि केसीसी लोन किसानों को काफी लाभदायक है। जो किसानों को बैंको के दद्वारा दिया जा रहा है। उससे किसानों को कम दर में रु मिल जाता हैं। उसे किसान आराम खेती करके फसल उगाकर बागानी लगा कर पैसा को बैंक में चुका सकता हैं। अपना क्रेडिट को बढ़िया बनता हैं तो अगला क़िस्त में अधिक रु बैंक के द्वारा ले सकता है।अपना कार्य को ओर आगे बढ़ा सकता है। गौरतलब बता यह रहा कि बिना बैंक मनीजर की उपस्थिति में किसान क्रेडिट कार्ड को वितरण किया गया गया।पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह ने कहा कि बिना बैंक मनीजर की उपस्थिति में आप लोग किसान क्रेडिट को कैसे वितरण कर रहे है। बैंक मनीजर को सूचना नही किया गया था।सूचना किया गया तो क्यों नही कार्यक्रम में पहुचे। बैंक मनीजर लापरवाही क्यों? वही बीडीओ सुनील वर्मा ने कहा कि सभी बैंक के मनीजर को सूचना दे दिया गया था। बैंक मनीजर नही पहुचे बैंक मनीजर के खिलाफ एसडीओ को आवेदन लिखा जाएगा वही किसी किसान को खेती करने के लिए तो किसी को सिंचाई मसीन के लिए तो किसी को बागवानी के लिए सेकड़ो किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड को वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा अंचला अधिकारी अशोक राम जिला कृषि पदाधिकारी बिरनी प्रमुख रामु बैठा उपप्रमुख शेखर शरण दास पूर्वी जिला परिषद रामधनी वर्मा संसद प्रतिनिधि महेन्द्र यादव पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह बराडिह मुखिया सहदेव यादव जरीडीह मुखिया राजमणि सिंह केंदुआ मुखिया सहदेव यादव सिमराढाब मुखिया दिलीप रविदास बंगराकला मुखिया सावित्री देवी शाखाबारा मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार यादव अरारी मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा बंगराकला मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव साव दर्जनों मुखिया वा किसान उपस्थित रहे।

## मुखिया रंजीत कुमार नें वर वधू को उपहार स्वरूप पौधा देकर समाज को एक नया संदेश दिया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : पश्चिमी पंचायत अंतर्गत केरीगढ़ा निवासी प्रेम महतो के सुपुत्र संदीप कुमार के शादी प्रीतिभोज में शामिल होकर बड़कागांव पश्चिमी के मुखिया रंजीत कुमार उपस्थित हुए।मुखिया ने वर वधु को आशीर्वाद देकर सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की एवं नव दंपति को उपहार स्वरूप फलदार पौधा देकर समाज को एक नया संदेश दिया । मौके पर किशोर कुमार मेहता, सरोज कुमार, सनी कुमार, धर्मनाथ महतो, रोशन कुमार अन्य लोग उपस्थित थे

## भाजपा गिरिडीह नगर इकाई ने मनाई डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जीका बलिदान दिवस

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह के निवर्तमान विधायक निर्भय कुमार शाहबादी के आवासीय कार्यालय में आज गुरुवार 23जून को भारतीय जनसंघ के संस्थापक महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक ,राष्ट्र की एकता एवम अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भाजपा नगर कमेटी गिरिडीह के द्वारा गिरिडीह के निवर्तमान विधायक सह कार्यक्रम प्रभारी श्री निर्भय शाहाबादी जी के आवासीय कार्यालय में मनाया गया एव बलिदान दिवस के संयोजक श्री संजय सिंह, सुनील पासवान, एवं संदीप डगैच जी थे कार्यक्रम की अध्यक्षता हरमिंदर सिंह बग्गा एवं संचालन जिला के मीडिया प्रभारी श्री मोतीलाल उपाध्याय के द्वारा की गई, कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला के महामंत्री श्री सुभाष सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबुल गुप्ता एवं नगर के महामंत्री सिकु सिन्हा रंजीत सिंह, संतोष भारती, समीर दीप ज्योति शर्मा हबलु गुप्ता, दीपक शर्मा, रीना शर्मा, नीलू सिंहा बिनीता कुमारी,संतोष गुप्ता, अजीत राम पवन शर्मा ,अशोक केसरी, पवन कधवे ,प्रकाश दास, शशि सिंहा संजीत सिंह सदानंद राम गोविंद तुरी अमित पा. सवान संत कुमार लल्लू, नवीन सिंहा जाकिर हुसेन इरफान अंसारी का कामेश्वर पासवान दीपक स्वर्णकार, वीरेंद्र वर्मा सहित कई कार्यकर्ता एवं नेतागण मौजूद थे।

## गावां में केसीसी ऋण को लेकर किया गया मेगा शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड मुख्यालय में गुरुवार को केसीसी ऋण को लेकर मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित खोरीमहुआ अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आज के शिविर में 89 लोगों का ऋण सेनसंग कर दिया गया है जिसमे 20 लोग सेनसंग पेपर प्राप्त भी कर चुके है। साथ ही और जो भी लोग केसीसी लेने के इच्छुक है वो भी अपना आवेदन जमा कर रहे है, उनके कागजातों का निरीक्षण करने के बाद उन्हें भी केसीसी ऋण देने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने किसानों से कहा कि बैंकों के द्वारा जो केसीसी ऋण आपको दिया जा रहा है उसे कृषि कार्य में ही लगाएं और समय पर बैंकों को ऋण चुकाने का काम करें जिससे बैंक और आपलोगों के बीच एक बेहतर समन्वय बना रहेगा। यह सरकार का किसानों के लिए बेहतर कार्य है जो किसान पैसा के अभाव में खेती नहीं कर पाते थे, वह किसानों को ऋण मिलने पर खेती कर अपने परिवारों का भरन पोषण कर सकेंगे। कहा कि सरकार के निर्देशानुसार पीएम किसान योजना के सभी लाभुको के साथ सभी बिरसा किसानों को शत प्रतिशत केसीसी ऋण से लाभान्वित करने का लक्ष्य है। मौके पर बीडीओ महेंद्र दास, सीईओ दीपक प्रसाद, प्रमुख ललिता देवी, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक के प्रबंधक, मुखिया कन्हाई राम, मेराज उदीन, गुरुसहाय रविदास, सबदर अली समेत सभी पंचायत के मुखिया एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बडकागांव प्रखंड के दोनों मंडलो में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव उरीमारी में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं बड़कागांव मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में अपने-अपने मंडलों में भारतीय जनसंघ के संस्थापक ड०. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई । जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा बारी-बारी से मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कहा कि 'भारतीय जनसंघ के संस्थापक ड० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1953 में आज के ही दिन कश्मीर मुद्दे पर अपना बलिदान दिया था। डॉ मुखर्जी का बलिदान स्वतंत्र भारत का ऐसा बलिदान था। मौके पर विभिन्न बूथों में कार्यक्रम मनाने में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह उर्फ जुगनू सिंह, महामंत्री इंद्र भूषण, श्रीकांत निराला, उपाध्यक्ष किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी,बैजनाथ साव,शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, मनीष पांडे,कृष्णा साव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भुपाल स्वर्णकार, सिकंदर महतो, पोखन राणा, दिनेश कुमार, महादेव हांसदा, अशोक साव, हिरालाल साव,यमुना मेहता, विनोद ठाकुर, कालीचरण गुप्ता, तिला साव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थें।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## रेंजर ने बड़कागांव श्मशान घाट सेवा समिति को 10 हजार सहयोग राशि दिया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : वन क्षेत्र पदाधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह बड़कागां वन क्षेत्र पदाधिकारी छोटेलाल साव ने बुधवार देर शाम बड़कागांव श्मशान घाट सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ मुलाकात हुई इस दौरान बड़कागांव श्मशान घाट सेवा समिति को और बेहतर करने के लिए विशेष चर्चा हुई एवं कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिसमें रेंजर ने कहा कि सामाजिक रुप से संस्था बहुत ही अच्छी कार्य कर रही हैं। आगे कहा की मुखाग्नि देने से भी बड़ा पुण्य का कार्य लकड़ी दान करना होता है। इस दौरान रेंजर ने संस्था के कार्यो से प्रभावित होकर बड़कागांव श्मशान घाट सेवा समिति का सदस्यता ग्रहण किया एवं सदस्यता शुल्क के रूप में 5000 एवं लकड़ी खरीदने या दान देने के रूप में 5000 कुल 10000 नगद राशि संस्था को दिया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने छोटे लाल साहू का मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अध्यक्ष दिनेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, पश्चिमी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार, वीरेंद्र प्रसाद ,पूर्व मुखिया विष्णु रजक, नागेश्वर महतो ,अभिषेक कुमार, अनिल कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## बी डी ओ ने मैट्रिक पास किए बिरहोर बच्चियों को किया सम्मानित

### पहली बार किसी बीरहोर बच्चो को बुक्के देकर किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी प्रखंड के बक्चुम्बा पंचायत के वीरेखाप गांव है। वही गांव जहां पर आदिम जनजातियों की एक छोटी सी टोली झुग्गी झोपड़ियों में रहती है। लेकिन टूटी फूटी झोपड़ियों में रहकर भी आदिम जनजाति कुछ नया करने का उनमें जज्बा अब सामने आने लगा है। बिरहोर जो झारखंड के सबसे आदिम जनजातियों में से एक है वह पहले जंगल से दातुन एवं पत्तल लाकर बाजारों में गांव में बेच कर अपने पेट पालते थे। अपने बच्चों को पढ़ाई से बिल्कुल दूर रखते थे लेकिन वर्तमान समय में उनकी परिस्थितियां बदली,और आज बिरहोर के बच्चे पढ़ाई करने में मशगूल हैं।इतना ही नहीं 2 दिन पूर्व झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा निकाले गए माध्यमिक परीक्षा के परिणाम में वीरेखाप के दो बच्चे हैं मैट्रिक पास कर गई। बताते चलें कि वीरेखाप गांव के जितने भी बिरहोर परिवार हैं उनमें से आज तक किसी पुरुष ने भी सातवीं तक की पढ़ाई नहीं की। लेकिन आज उनके बच्चियां धीरे-धीरे पढ़ाई की ओर अग्रसर हुई और दो बिरहोर के बच्चों ने माध्यमिक परीक्षा पास कर अपने आप में एक इतिहास रच दिया। बिरेखाप गांव के सोनू बिरहोर के पुत्री पूनम कुमारी एवं कुबरा बिरहोर की पुत्री मोनी कुमारी ने झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय कान्हाचट्टी से मैट्रिक के परीक्षा लिखी और मैट्रिक में दोनों द्वितीय श्रेणी से पास की। उनके पास होने पर कान्हाचट्टी प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने गुरुवार को बिरहोर क०लोनी पहुंचकर उन बच्चियों के हौसला को उड़ान के लिए उन्हें सम्मानित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निरंजन सिंह बक्चुम्बा पंचायत के मुखिया पार्वती देवी रोजगार सेवक विजय चौबे प्रमोद यादव आदि ने बच्चों को बुके देकर एवं कुछ पारितोषित देकर सम्मानित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि उन्हें पुरस्कृत करने का तात्पर्य है कि जो भी बिरहोर के बच्चे हैं इन्हें देख कर पढ़ाई करें ताकि आगे उन्हें भी इसी तरह का सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि बिरहोर बच्चे अच्छी तालीम ले यही हमारा मुख्य मकसद है।

## प्रखण्ड परिसर में लगा के सी सी ऋण शिविर

### लक्ष्य के अनुशार ज्यादा से ज्यादा किसानों को दिलवावें ऋण : डी डी सी







**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में गुरुवार को किसान क्रेडिट कार्ड ऋण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि चतरा उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता शामिल हुए।शिविर में उपस्थित सभी 10 पंचायतों के किसान उपस्थित थे। किसानों को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी हो जिसे लेकर सरकार ने झारखंड के सभी किसानों को केसीसी ऋण देने की तैयारी की है जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी 10 पंचायत के ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी ऋण का लाभ दिलवें। वहीं उन्होंने कहा कि किसान केसीसी लेकर अपने खेतों में फसल लगावें और आय दोगुनी करें । उन्होंने कहा कि केसीसी किसानों के लिए सबसे बेहतर योजना है किसान बैंक से ऋण लेकर अपना खेती बारी करें एवं समय-समय पर ऋण बैंक को वापस करें। ताकि आपका क्रेडिट बैंक में बना रहे। वही कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट भी उपस्थित थे।उन्होंने कहा कि किसानों के लिए सरकार तरह-तरह की योजनाएं ला रही हैं ताकि किसानों को किसी भी स्थिति में खेती बारी करने में दिक्कत का सामना ना करना पड़े। कहीं ऐसा भी ना हो कि पैसे के अभाव में किसान खेती ना करें। वही जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने कहा कि बैंक कर्मी हमारा बैंक किसानों को ऋण देने के लिए हर संभव तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि बैंक से आप समय पर ऋण ले और समय वापस करें जिससे आपकी खेती बारी में दिक्कत ना हो और आय में वृद्धि हो। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी निरंजन सिंह,जे एस एल पी एस के बी पी एम अविनाश कुमार सिंह,मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटू पार्वती देवी आफताब हुसैन सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## प्रमुख-उपप्रमुख के चुनाव में बाधा डालने को लेकर केस दर्ज

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ में प्रमुख एवं उपप्रमुख पद के संपन्न चुनाव में विधि व्यवस्था भंग कर बाधा उत्पन्न करने को लेकर बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने सदर एसडीएम सह निर्वाची पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार के मौखिक आदेश पर विष्णुगढ़ थाना में केस दर्ज कराया है। जिसमें शेखर कुमार पिता स्व. रामशरन लाल तथा विष्णु कसेरा को आरोपी बनाया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि बीते बुधवार को प्रखंड सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम विद्याभूषण कुमार तथा सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में प्रमुख तथा उपप्रमुख के वोटिंग की प्रक्रिया की जा रही थी। इसमें जैबुन निशा के विधिसम्मत निर्वाचित होने के बाद एक अन्य प्रमुख पद की प्रत्याशी मुन्नी देवी के पुत्र शेखर कुमार तथा विष्णु कसेरा समेत 200-300 अज्ञात लोगों के द्वारा मुन्नी देवी के पक्ष में अपने समर्थकों के साथ जुटकर आपराधिक षड़यंत्र के तहत चुनावी प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने की नियत से प्रखंड परिसर में काफी हो-हंगामा करने लगे। इसके अलावा चुनाव में शामिल पंसस सदस्यों को डराते-धमकाते हुए वोटिंग प्रक्रिया रोकने लगे। जिससे थोड़ी देर के लिए चुनावी प्रक्रिया भंग हुई। इसके बाद आरोपी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला भी जड़ दिया। जिससे शांति व्यवस्था भंग हुई और विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई। फिलहाल विष्णुगढ़ पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है और विधिसम्मत कार्रवाई में जुट गई है।

## तस्करी में शामिल वाहन समेत 66 पीस अवैध सखुवा बोटा जब्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बलकमक्का जंगल से अवैध कटाई कर वाहन में ले जाया जा रहा 66 पीस अवैध सखुवा बोटा जब्त किया है। टाटा 407 वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसे लेकर पुनि भागीरथ पासवान के लिखित बयान के आधार पर विष्णुगढ़ थाना में केस दर्ज किया गया है। जिसमें वाहन चालक बगोदर थाना क्षेत्र के बालक निवासी रशीद खान पिता अली बक्श, वाहन मालिक बगोदर नीचे बाजार निवासी गुड्डू जायसवाल पिता स्व. नंदकिशोर जायसवाल तथा लकड़ी तस्कर बलकमक्का निवासी प्रकाश मंडल पिता रामेश्वर साव को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने कहा है कि लकड़ी तस्कर प्रकाश मंडल बलकमक्का और उसके आसपास के प्रतिबंधित जंगल से लकड़ी की अवैध कटाई कर उसे वाहन में लोड़कर बंदखारो-सारूकुदर के रास्ते बगोदर की ओर ले जाकर बेचने का काम करते हैं। इस सूचना पर जब बेहराटांड जंगल के पास रास्ते में जब छापेमारी टीम पहुंची तो अवैध सखुवा बोटा लदा बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का टाटा 407 वाहन का चालक पुलिस को देखते हीं केबिन से उतरकर भागने लगा। पुलिस बल के सहयोग से उसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार वाहन चालक से जब सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने वाहन मालिक और लकड़ी तस्कर के बारे में बतलाया। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और विधिसम्मत कार्रवाई में जुट गई है।




